पलामू में इप्टा का 15वाँ राष्ट्रीय सम्मेलन

चर्चा में क्यों?

20 नवंबर, 2022 को झारखंड के पलामू के जेलहाता स्थित इप्टा के राज्य अध्यक्ष डॉ. अरुण शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बताया गया कि इप्टा **(IPTA)** का 15वाँ राष्ट्रीय सम्मेलन सह अखिल भारतीय सांस्कृतिक समारोह 17 से 19 मार्च, 2023 को पलामू में आयोजित किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- इप्टा **(IPTA)** का 15वें राष्ट्रीय सम्मेलन में देश के 500 से अधिक संस्कृतकर्मी शामिल होंगे। तीन दिवसीय इस सम्मेलन में अलग-अलग राज्यों की लोक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के अलावा देशभर के कई नामचीन कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से इस सम्मेलन को यादगार बनाएंगे।
- इप्टा के राष्ट्रीय सचिव शैलेंद्र कुमार ने बताया कि इप्टा ने अपने संस्कृतकर्म के जरिये प्रेम, दया, करुणा और जम्हूरियत के गीत गाये, इसलिये होने वाले इस सम्मेलन के लिये नारा दिया गया है ‘आओ कि कोई ख्वाब बुनें कल के वास्ते’।
- इप्टा के राज्य महासचिव उपेंद्र मिश्रा ने बताया कि भले ही यह सम्मेलन इप्टा का हो, लेकिन यह पूरा आयोजन पलामू के सभी कलाकारों का है, जिसमें सभी के सहयोग की आवश्यकता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/15th-national-conference-of-ipta-at-palamu